भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1444
उत्तर देने की तारीख 12 दिसंबर, 2023
21 अग्रहायण, 1945 (शक)

खेलों हेतु भारतीय कोच की नियुक्ति

1444. कुमारी राम्या हरिदास:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में प्रत्येक खेल के लिए भारतीय कोच नियुक्त करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन कोचों को वही परिलब्धियां और अन्य सुविधाएं प्रदान की जायेंगी जो इस कार्य के लिए नियुक्त विदेशी कोचों को प्रदान की जा रही हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का भारतीय कोचों की मौजूदा परिलब्धियों को संशोधित करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) : भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और मान्यताप्राप्त विभिन्न राष्ट्रीय खेल महापरिसंघों (एनएसएफ) में विभिन्न खेल विधाओं के लिए कोचों की नियुक्ति एक सतत और डायनामिक प्रक्रिया है । एनएसएफ को संबंधित वार्षिक प्रशिक्षण और प्रतियोगिता कैलेंडर (एसीटीसी) के अधीन अपने आवंटनों में से स्वयं विदेशी विशेषज्ञों को नियुक्त करने की अनुमति है । तथापि, प्रत्येक एनएसएफ द्वारा साई के परामर्श से नियुक्त किए गए कोचों के लिए मुख्य परिणाम क्षेत्र बनाना अपेक्षित है । साई में, वर्तमान में, 859 कोच नियमित, संविदा और प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किए गए हैं और सभी भारतीय नागरिक हैं ।

भारतीय कोचों और विदेशी कोचों के लिए पारिश्रमिक अलग-अलग हैं । भारतीय कोचों को प्रदान की जाने वाली परिलब्धियां और सुविधाएं 7वें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) की सिफारिशों और अनुबंधित कोचों के संबंध में अनुबंध समझौतों में निर्धारित शर्तों के अनुसार हैं । जहां तक विदेशी कोचों का संबंध है, उन्हें अंतरराष्ट्रीय कोचों की मांग-आपूर्ति परिदृश्य के आधार पर समान मामलों में प्रचलित बाजार दरों, योग्यताओं/ अनुभवों और अंतिम आहरित वेतन के आधार पर संबंधित एनएसएफ की सिफारिशों के अनुसार नियुक्त किया जाता है । संबंधित खेल में मांग-आपूर्ति परिदृश्य के आधार पर विभिन्न खेल विधाओं में पारिश्रमिक भिन्न-भिन्न हो सकते हैं।

(घ) और (ङ) : सरकार (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) ने पहले ही फरवरी, 2022 में विदेशी कोचों/विशेषज्ञों के लिए परिलब्धियों/सुविधाओं को संशोधित कर दिया है, जो मांग आपूर्ति परिदृश्य और प्रचलित बाजार दरों पर आधारित है, लेकिन वह एनएसएफ के कुल स्वीकृत बजट के 30% से

अधिक नहीं हो सकता है । जहां तक भारतीय कोचों का संबंध है, उन्हें 7वें सीपीसी की सिफारिश/ दिशानिर्देशों के अनुसार विनियमित किया जाता है । नियमित आधार पर संबंधित वेतन स्तरों पर काम करने वाले कोचों को 7वें सीपीसी मैट्रिक्स के अनुसार वार्षिक वेतन वृद्धि दी जाती है । कोचों का पारिश्रमिक विवरण निम्नानुसार है :

(i) संविदा सहायक कोच - ₹50,300/-

(ii) कोच - ₹1,05,000/-

(iii) वरिष्ठ कोच - ₹1,25,000/-

(iv) मुख्य कोच- ₹1,45,000/-

(v) उच्च प्रदर्शन कोच - ₹2,20,000/-

*****